हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 1 अगस्त 2025

04 जान जोखिम में डालकर पुल-पुलिया पार करने को ...



05 एक बाबू अधिकारियों पर भारी, आरोपों...





## खबर संक्षेप

### सुपर-100 परीक्षा प्रदेश के 57 केंद्रों पर 3 को

**सीहोर।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा सुपर-100 योजना में इस वर्ष परीक्षा का आयोजन 3 अगस्त को किया जा रहा है। परीक्षा परीक्षा केंद्रों पर होगी। रविवार को प्रथम पारी में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर एक बजे तक कक्षा-11वीं में जेईई की तैयारी के लिये एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2:30 से शाम 5 बजे तक कक्षा-11वीं में नीट की तैयारी के लिये प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा के लिये जिला स्तर पर 57 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 10 हजार 727 है। परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार आश्रम इंदौर में प्रवेश दिया जायेगा। सुपर-100 परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं।

### छात्र-छात्राओं को दिया गया सिविल डिफेंस प्रशिक्षण

**सीहोर।** जिला होमगार्ड कार्यालय में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के 64 एनसीसी छात्र-छात्राओं को सिविल डिफेंस प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं को सिखाया गया कि बाढ़ की स्थिति से कैसे निपटा जाए, इंप्रोवाइज्ड इक्विपमेंट कैसे तैयार किये जाए, उनका उपयोग कैसे किया जाए। इसके साथ ही जिले में उपलब्ध बाढ़ आपदा प्रबंधन संबंधी उपकरणों की जानकारी भी दी गई। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्रीमती नीलमणी लड़िया ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रथम उपचार, सीपीआर, हवाई हमले के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया गया तथा टोल फ्री नंबर 1070 एवं 1079 के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण एएसआई श्री चंदेरिया एवं एसडीईआरएफ के जवानों द्वारा दिया गया।

### रिक्त पदों के लिए 4 अगस्त तक आवेदन आंमत्रित

**सीहोर।** ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में विभिन्न श्रेणियों के 633 रिक्त पदों पर भर्ती के लिये योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आंमत्रित किये गये हैं। रिक्त पदों में सहायक अभियंता, विधि अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, ट्रांसमिशन लाइन परिचारक, उपकेन्द्र परिचारक, सर्वेयर परिचारक के पद शामिल हैं। इन पदों के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 04 अगस्त 2025 है। रिक्त पदों में द्वितीय श्रेणी के सहायक अभियंता (पारेषण) के 63 पद, विधि अधिकारी के 01, कनिष्ठ अभियंता पारेषण के 247, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के 12, ट्रांसमिशन लाइन परिचारक के 67, उपकेन्द्र परिचारक के 229 एवं सर्वेयर परिचारक के 14 पद शामिल हैं।

### विधायक सुदेश राय के प्रयासों से बड़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र हो रहा विकसित, उद्योगपतियों को कर रहा आकर्षित

# कल सीएम देंगे सौगातः करीब 2000 करोड़ की चार औद्योगिक इकाईयों का करेंगे भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव औद्योगिक क्षेत्र बड़ियाखेड़ी में कई प्रमुख औद्योगिक इकाइयों का भूमि पूजन करेंगे और साथ ही नई इकाइयों को आशय पत्र वितरित कर उद्योगपतियों से संवाद भी करेंगे।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

दो दिन बाद यानि 2 अगस्त को सीहोर औद्योगिक क्रांति का सिरमौर बनने जा रहा है। दरअसल, 2 अगस्त प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सीहोर के दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान सीएम डॉ. मोहन यादव बडियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे साथ ही उद्योगपतियों को आशय पत्र का वितरण भी करेंगे। आयोजन को लेकर विधायक सुदेश राय खासे उत्साहित हैं, उन्होंने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि 2 अगस्त को सीहोर, विकास का नया अध्याय लिखेगा। औद्योगिक क्रांति का यह नया अध्याय मेरे शहर के युवाओं को रोजगार मुहैया कराएगा।

विधायक सुदेश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि सीहोर औद्योगिक परिदृश्य 2 अगस्त को एक महत्वपूर्ण बदलाव का गवाह बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव औद्योगिक क्षेत्र बडियाखेड़ी में कई प्रमुख औद्योगिक इकाइयों का भूमि पूजन करेंगे और साथ ही नई इकाइयों को आशय पत्र वितरित कर उद्योगपतियों से संवाद भी करेंगे।

यह आयोजन सीहोर को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एक निर्णायक भूमिका निभाने के लिए तैयार कर रहा है। विधायक श्री राय ने इस अवसर पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह सीहोर के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। मुख्यमंत्रीजी के नेतृत्व में सीहोर में निवेश को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे और गांव से लेकर शहर तक समृद्धि आएगी।

### कलेक्टर-एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल और हेलीपेड का निरीक्षण





मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 2 अगस्त को सीहोर बड़यिाखेड़ी क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर बालागुरू के. और एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का औद्योगिक क्षेत्र बड़यिाखेड़ी में कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव करीब दो हजार करोड़ रुपए निवेश की औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम में औद्योगिक इकाइयों के लिए भूमि के आशय पत्र भी वितरित किए जाएंगे, जिससे यहां लगभग 3 करोड़ रुपए का निवेश होगा। इस प्रकार यहां लगभग 5 हजार करोड़ रूपये का औद्योगिक निवेश होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सीहोर जिले में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देना और विकास को गति प्रदान करना है। इन औद्योगिक इकाइयों से सीहोर जिले में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। निरीक्षण के दौरान एएसपी सुनीता रावत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सीहोर का औद्योगिक परिदृश्य एक नजर में

**बड़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज-1:** 117.758 हेक्टेयर में 69.510 हेक्टेयर औद्योगिक उपयोग के लिए, 87 प्रस्तावित इकाइयां, 674.6 करोड़ रुपये का निवेश और 3572 रोजगार के अवसर।

**बड़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज-2:** 49.785 हेक्टेयर में 30.24 हेक्टेयर औद्योगिक उपयोग के लिए, 22 प्रस्तावित इकाइयां, 898 करोड़ रुपये का निवेश और 1576 रोजगार के अवसर।

**झिलेला औद्योगिक क्षेत्र:** 214.53 हेक्टेयर में 150.13 हेक्टेयर औद्योगिक उपयोग के लिए 2 प्रस्तावित इकाइयां, 878 करोड़ रुपये का निवेश और 500 रोजगार के अवसर।

### इनका भूमि-पूजन करेंगे सीएम

- वान्यावेदा ग्रीन्स (झिलेला) सीहोर : 20.020 हेक्टेयर में 115 करोड़ रुपये के निवेश से फ्रूट निर्माण इकाई, जिससे 100 लोगों को रोजगार मिलेगा।
- बारमॉल्ट माल्टिंग इंडिया प्रा.लि. (बडियाखेड़ी फेस.2, सीहोर): 10.250 हेक्टेयर में 400 करोड़ रुपये के निवेश से देश की सबसे बड़ी माल्ट निर्माता कंपनी की इकाई, जिससे 350 लोगों को रोजगार मिलेगा।
- एंड सी जी पावर इंडसट्रियल सॉल्यूशन लि. (जहांगीरपुरा): 18.260 हेक्टेयर में 888 करोड़ रुपये के निवेश से एशिया की सबसे बड़ी ट्रांसफार्मर इकाई जो 394 लोगों को रोजगार देगी।
- श्री कृष्णा इंडस्ट्रीज (बडियाखेड़ी) सीहोर : 0.476 हेक्टेयर में 3 करोड़ रुपये के निवेश से बेवरेजेज निर्माण इकाई, जिससे 10 लोगों को रोजगार मिलेगा।
- इन चार इकाइयों में कुल 49.006 हेक्टेयर भूमि पर 1406 करोड़ रुपये का निवेश होगा, जिससे 854 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

### आशय पत्र वितरण और निवेशकों का विश्वास

विधायक श्री राय ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री छह अन्य प्रमुख औद्योगिक इकाइयों को भी आशय पत्र वितरित करेंगे, जिनमें आरटीडीबी इंडस्ट्रीज, स्वाति सोनी, संजय कुमार, अमित मूंदड़ा, प्रकाश पैकेजिंग और आरना वेंचर्स शामिल हैं। इन इकाइयों में कुल 10.53 हेक्टेयर भूमि पर 33.85 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है, जिससे 311 लोगों को रोजगार मिलेगा।

## सभी विकास और निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में करें : संभाग आयुक्त संजीव सिंह

### कलेक्टर बालागुरू के. ने विभिन्न निर्माण व विकास कार्यों से संभागायुक्त को कराया अवगत



**सीहोर।** भोपाल संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने सीहोर में विधि महाविद्यालय, नापलाखेड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माणाधीन भवन तथा शहीद स्थल के विकास कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरे भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता और उपयोग की जाने वाली निर्माण सामग्री का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्माण कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भोपाल संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को विभाग द्वारा निर्माण कार्य से संबंधित तय मापदंडों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर निर्माण कार्य एवं निर्माण सामग्री का निरीक्षण करने के लिए कहा।

शहीद स्थल के निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा यह एतिहासिक स्थल पवित्र स्थल के रूप में विकसित होगा और आजादी के लिए कुर्बान होने वाले शहीदों के बारे में आने वाल पीढ़ियों को जानकारी मिलेगी। इस शहीद स्थल पर बने ऑडिटोरियम में देशभक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हो सकेंगे। उन्होंने कलेक्टर बालागुरू के. तथा पीआईयू के कार्यपालन यंत्री से इस स्थल के फर्स्ट फेस का कार्य पूर्ण होने के बाद आगामी प्रस्तावित कार्यों की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी ली। संभागायुक्त ने ग्राम सतपिपलिया में देखी जल संरक्षण संबंधी गतिविधियां संभागायुक्त संजीव सिंह तथा कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्राम सतपिपलिया में डगवेल रिचार्ज, निर्मल नीर कपिलधारा कूप, सार्वजनिक पौधरोपण तथा खेत तालाब सहित सहित अन्य जल संरक्षण संरचनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त संजीव सिंह को जानकारी दी गई कि इन जल संरक्षण संरचनाओं के माध्यम से जल का संरक्षण किया जा रहा है। इसके साथ इस वहां लगाए गए पेड़ों की सिंचाई में इस जल का उपयोग किया जा रहा है। इससे न सिर्फ जल का संरक्षण हो रहा, बल्कि पर्यावरण का संरक्षण भी हो रहा है। संभागायुक्त श्री सिंह इस संरचना की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की संरचनाओं को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाए और इन कार्यों में आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। ताकि जल संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों को वृहद् स्तर पर संचालित किया जा सके। उन्होंने ग्राम गुड़भेला में शासकीय स्कूल का भी निरीक्षण किया और बच्चों से पढ़ाई के बारे में चर्चा की।

### बैठक आयोजित कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने जिले में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों के साथ ही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन संचालन तथा हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा की। संभागायुक्त श्री सिंह ने समीक्षात्मक बैठक के दौरान विभागों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की सभी हितग्राही मूलक योजनाओं से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। इसके साथ ही उन्हें समय पर पात्रतानुसार लाभ मिले। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य शासकीय कार्यों का और अधिक बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करना है। बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन जिल चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और मैदानी अमले से कहा कि यह प्रयास किया जाए कि शासन की योजनाओं का लाभ आमजन को आसानी से मिल सके। उन्होंने कहा कि मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए सेवाओं को अधिक से अधिक प्रभावी और कारगर बनाया जाए। बैठक में सीएमएचओ श्री सुधीर डेहरिया, डीपीओ श्री ज्ञानेश खरे सहित महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मलेरिया-डेंगू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी तेज बुखार-उल्टी होने पर डॉक्टर से संपर्क करें



**सीहोर।** इस सीजन 25.31 इंच बारिश दर्ज की गई है। ये पिछले साल की इसी अवधि में हुई 23.35 इंच बारिश से ज्यादा है। पिछले 24 घंटे में जिले में 0.08 इंच और श्यामपुर में 0.28 इंच पानी गिरा है।

बारिश के मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने बताया कि कपकपी के साथ तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी, बेचैनी, कमजोरी, सुस्ती, मितली और ठंड लगना मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं।

### हर सप्ताह बदलें कूलर, टंकी और बैरल का पानी

मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग करना चाहिए। खिड़कियों और दरवाजों पर जाली लगानी चाहिए। हल्के रंग के कपड़े पहनें और हाथ-पैरों को पूरा ढकें। हर सप्ताह कूलर, टंकी और बैरल के पानी को बदलें। स्वास्थ्य विभाग ने आगे बताया कि डेंगू फैलाने वाला मच्छर रुके हुए साफ पानी में पनपता है। कूलर, टंकी, पक्षियों के पीने के पानी के बर्तन, फ्रीज की ट्रे, फूलदान, नारियल के खोल और टूटे हुए बर्तनों को ढककर रखें। इनमें ज्यादा दिनों तक पानी जमा न रहने दें।

**तेज बुखार, उल्टी और शरीर में दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें :** डेंगू का मच्छर दिन के समय काटता है। इसलिए कपड़ों से बदन को पूरी तरह ढककर रखें। तेज बुखार, उल्टी और शरीर में दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं।

### जिले में पिछले 24 घंटे मे 1.1 मिलीमीटर औसत बारिश



**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 1.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 7, आष्टा में 0, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 0, बुधनी में 0, रेहटी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 31 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 643.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 593.9 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 31 जुलाई 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 646.8, मिलीमीटर, श्यामपुर में 661.6, आष्टा में 444, जावर में 401, इछावर में 614.3, भैरूंदा में 615, बुधनी में 906 तथा रेहटी में 862.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।


### सीहोर-देवास में बाघों के लिए ज्यादा जगह मिलेगी, मध्यभारत की विंध्याचल पर्वत मालाओं में जैव विविधिता

# सीहोर-देवास में डेढ़ हजार हेक्टेयर बढ़ेगा जंगल का क्षेत्रः सेंचुरी के विस्तार का प्रस्ताव तैयार, दस बाघों का घर है खिवनी अभ्यारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

मध्यभारत की विंध्याचल पर्वत मालाओं में स्थित खिवनी वन्यजीव अभ्यारण बाघों का प्राकृतिक घर है। ये क्षेत्र जैव विविधता से समृद्ध है और बाघों के संरक्षण के लिए उपयुक्त जगह है। अभ्यारण प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है। यहां नदियां, झरने, पहाड़ और घास के मैदान हैं। यह वातावरण बाघों के संरक्षण और संवर्धन के लिए आदर्श है।

सीहोर और देवास जिले के जंगलों में 134 वर्ग किमी क्षेत्रफल में फैले इस अभ्यारण में बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्तमान में यहां 10 बाघ हैं। इनमें 2 नर, 5 मादा और 3 शावक शामिल हैं।



बरसात के दिनों में बाघ अपने पूरे परिवार के साथ घास के मैदानों में विचरण करते देखे जा सकते हैं।

### खिवनी वन्यजीव अभ्यारण के विस्तार का प्रस्ताव तैयार

अभ्यारण में बाघों की बढ़ती संख्या के कारण उनके विचरण के लिए जंगल छोटे पड़ने लगे हैं। इसलिए खिवनी वन्यजीव अभ्यारण के विस्तार का प्रस्ताव तैयार किया गया है। अभ्यारण प्रबंधन इसकी कार्ययोजना पर काम कर रहा है।

**सीहोर-देवास में बाघों के लिए ज्यादा जगह मिलेगी :** इस संबंध में सीहोर और देवास जिले के वन मंडल अधिकारियों की बैठकें हो चुकी हैं। दोनों जिलों में कुल 1 हजार 500 हेक्टेयर जंगल का विस्तार किया जाएगा। इससे बाघों को घूमने और रहने के लिए अधिक क्षेत्र उपलब्ध होगा।

### जगह जैव विविधता की दृष्टि से समृद्ध

रेंजर भीम सिंह सिसोदिया ने बताया कि आने वाले समय में अभ्यारण में बाघों की संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि ये जगह जैव विविधता की दृष्टि से समृद्ध है। बाघों के विचरण और उनकी बढ़ती संख्या को देखते हुए अभ्यारण का विस्तार आवश्यक है। इस पर काम चल रहा है और जल्द ही अभ्यारण का दायरा बढ़ाया जाएगा।

### 8 को होगा सीट आवंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 के लिए महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण के लिए समय सारणी जारी की है। जारी समय सारणी के अनुसार, सत्र 2025-26 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेजर माइनर विषयों में और मेजर एवं माइनर विषय के अतिरिक्त अन्य विषय में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी, 31 जुलाई से 3 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 31 जुलाई से 4 अगस्त तक होगा। मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को साक्षात्कार के दिनांक, स्थान एवं समय की सूचना 5 अगस्त को दी जाएगी।

## लगातार बारिश के चलते बांधों के गेट खुलने से नर्मदा का जलस्तर बढ़ा, नदी-नालों के पुल-पुलिया भी डूबे

# जान जोखिम में डालकर पुल-पुलिया पार करने को मजबूर, नाव के भरोसे के शिक्षक और विद्यार्थी

यह मामला सिर्फ एक पुल का नहीं है, बल्कि शासन प्रशासन की असफलताएं होने का उदाहरण दे रहा हो। निर्माण कार्य का टेंडर देने के बाद उसकी मॉनिटरिंग नहीं हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा







सीहोर जिले में लगातार हो रही बारिश से जहां लोगों का जन जीवन अस्त व्यस्त है। तो वही बांधों के गेट खुलने से नर्मदा नदी का जल स्तर भी बढ़ा हुआ है। जिसके कारण नर्मदा तटीय इलाकों में जल भराव की स्थिति बनी हुई है। और सहायक नदी, नालों का पानी भी उल्टा दौड़ने लगा। कोलार, शिप नदी सहित अन्य बड़ी नदियों का पानी भी थम सा गया है।

इसी दौरान गुरुवार को ग्राम पंचायत छीपानेर, रानीपुरा को जोड़ने नाले की पुलिया भी डूबे गई। जिसको पार करने शिक्षक, स्कूली, बच्चे , सहित राहगीरों को नाव के सहारे पार करने को मजबूर हैं। इससे न केवल जान जोख़िम में डाल रहे है। बल्कि प्रशासन की अनदेखी पर भी सवालिया निशान खड़े हकर रहे हैं।

**निर्माण में करोड़ों रुपए खर्च , शो फिश बना ब्रिज पानी के हुआ अदृश्य :** मध्यप्रदेश के।देवास और सीहोर जिले की सीमा पर स्थित काकेडी नदी न सिर्फ़ दो जिलों को जोड़ती है, बल्कि दो ज़िंदगियों के बीच का रास्ता भी है। पीपलनेरिया और छीपानेर जैसे गांवों के लोग हर दिन इसी नदी को पार करके रोज़मर्रा की ज़रूरतों को पूरा करते हैं – चाहे स्कूल जाना हो, अस्पताल पहुँचना हो या बाजार का रास्ता। लेकिन यह नदी अब राहत नहीं, मुसीबत बन गई है। और इसकी वजह है – एक अधूरा, अव्यवस्थित और विफल सरकारी प्रोजेक्ट, ककेड़ी नदी का ब्रिज।

**मामला सीहोर, देवास को जोड़ने काकेड़ी नदी: उम्मीदों का पुल पानी में डूबा :** सीहोर जिले और देवास जिले की रेखा कही जाने वाली नदी काकेड़ी का पुल है जो कि ग्राम पंचायत छीपानेर तहसील भैरुंदा कुछ साल पहले मीडिया के माध्यम से खबर प्रकाशित हुई। जिसमें दिखाया गया कि कैसे ग्रामीण हर दिन जान हथेली पर रखकर नाव और रस्सी के सहारे नदी पार करते हैं। खबर वायरल होते ही शासन हरकत में आया और करोड़ों रुपये की लागत से एक पुल के निर्माण की घोषणा हुई। ठेका दिया गया, मशीनें आईं, नींव रखी गई और लोगों को उम्मीद जगी– शायद अब परेशानियां खत्म हो जाएगी।

लेकिन जैसा अक्सर होता है, यहां भी हुआ। ठेकेदार ने कार्य समय सीमा में पूरा नहीं किया। देरी दर देरी होती रही। वर्षों तक ब्रिज अधूरा पड़ा रहा। फिर किसी तरह ब्रिज बन गया – लेकिन ऐसी ऊंचाई पर नहीं जैसा की नदी के जल स्तर को देखकर जरूरी था। नतीजा यह हुआ कि जैसे ही बारिश शुरू हुई, नदी में पानी बढ़ा और करोड़ों की लागत से बना पुल पानी में डूब गया।

**स्थिति: नाव से उम्मीद, जिंदगी से खिलवाड़, जान जोख़िम में डाल कर रहे पुल पार :** इस समय नर्मदा नदी की सहायक नदी काकेडी पूरी तरह उफान पर है। पुल भी पानी में अदृश्य हो गया है। ग्रामीण एक बार फिर उसी स्थिति में लौट आए हैं जहां वे वर्षों से चले आ रहे थे। वहीं नाव और रस्सी के सहारे नदी पार करते नज़र आएं। प्रति दिन करीब 70.,80 दो पहिया वाहन , महिलाएं, पुरुषों युवा बुजुर्ग बच्चे और किसान नदी को पार करने अपनी जान जोखिम में डालकर इस पार से उस पार पहुंचते हैं। कई बार नाव डगमगाती है, बच्चे डरते हैं, महिलाएं सहमी हुई नाव में सफर करने को मजबूत हैं, लेकिन कोई दूसरा सहारा नहीं है।

### शासन की अनदेखी: विकास की योजनाएं सिर्फ कागजों में डूबी

यह मामला सिर्फ एक पुल का नहीं है, बल्कि शासन प्रशासन की असफलताएं होने का उदाहरण दे रहा हो। निर्माण कार्य का टेंडर देने के बाद उसकी मॉनिटरिंग नहीं हुई। समय पर गुणवत्ता जांच नहीं हुई। नतीजा एक ऐसा ब्रिज बना, जो कि पहली बारिश में ही डूब गया। पुल की ऊंचाई इतनी कम है कि नदी में जरा भी पानी बढ़ा और पुल अदृश्य हुआ। बरसात के मौसम में तो यह पूरी तरह अदृश्य हो जाता है। ग्रामीणों की मांग है कि ब्रिज की ऊंचाई बढ़ाई जाए, दोबारा इंजीनियरिंग टीम से जांच करवाई जाए और ठेकेदार पर कार्यवाही की जाए। साथ ही जब तक यह कार्य नहीं होता, तब तक वैकल्पिक मजबूत नाव सेवा और सुरक्षा के लिए पुलिस/प्रशासनिक व्यवस्था की जाए।

**सवाल अफसरसाही ,जनप्रतिनिधियों से :** देवास और सीहोर की सीमाओं पर बहती काकेडी नदी इस वक्त सवाल पूछ रही है – उन अफसरों से, इंजीनियरों से, और नेताओं से, जिन्होंने आंखें मूंदकर यह ब्रिज बनाया गया सवाल यह नहीं है कि पुल क्यों डूब गया, सवाल यह है कि क्या लोगों की ज़िंदगी की कोई कीमत नहीं?

#### ग्रामीणों की व्यथा

ग्रामीणों ने बताया- सरकार ने करोड रुपए का ब्रिज तो बनवाया लेकिन बारिश के दिनों में कोई भी उसका उचित नहीं निकल रहा है, जैसे वर्षों पहले निकलते थे वैसे ही आज निकल रहे हैं, ब्रिज बनने से कोई उपयोग नहीं आ रहा है, शासन प्रशासन से मांग ब्रिज की हाइट 6 से 7 फिट बढ़ाई जाए।

#### निराकरण कराया जाएगा

मामला ब्रिज कॉरपोरेशन का है सबंधित अधिकारियों से चर्चा की जाएगी और जल्द ही इसका निराकरण कराया जाएगा, जिससे ग्रामीणों, राहगीरों को असुविधा ना हो

**मदनसिंह रघुवंशी,** एसडीएम भैरुंदा

## खबर संक्षेप



### पौधे लगाना हमारा कर्तव्य ही नही बल्कि आवश्यकता भी:पं.महेश दुबे

सीहोर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप भारतीय जनता पार्टी पंचायती राज्य प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पं. महेश दुबे के नेतृत्व में वृक्षारोपण अभियान प्रारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ पुराना अध्यक्ष निवास, शिवमंदिर परिसर में फल, फूल एवं औषधीय पौधे रोपित किये गये। इस मौके पर श्री दुबे ने उपस्थितजनों को पौधे रोपित करने के साथ ही पर्यावरण का संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाना हमारा कर्तव्य ही नही बल्कि आवश्यकता भी है और इसी संकल्प के साथ वृक्षा रोपण अभियान सतत जारी रहेगा, जिसके तहत शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी निरंतर पौधे रोपित किये जायेगें एवं किसान बन्धुओं को भी पौधे रोपित कर उनका संरक्षण हेतु संकल्प दिलाते हुए हमारे प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के हरा भरा देश, हरा भरा मध्य प्रदेश के सपने को साकार किया जावेगा।

### 4 अगस्त तक होंगे ऑनलाइन पंजीयन

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये एनसीटीई पाठ्यक्रम संचालित करने वाले शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए द्वितीय अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी की है। जारी समय सारणी के अनुसार, एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश में लिए विद्यार्थी 31 जुलाई से 4 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 31 जुलाई से 6 अगस्त तक होगा। मेरिट सूची का प्रकाशन 7 अगस्त को होगा। विद्यार्थियों के लिए 8 अगस्त को सीट आवंटन जारी किया जाएगा। आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों, टीसी माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यापन के लिए विद्यार्थियों को उपस्थित होकर 8 से 13 अगस्त तक लिंक इनिशिएट कराना होगा। विद्यार्थियों को आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 8 से 14 अगस्त तक करना होगा। आवंटित महाविद्यालय में शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि 14 अगस्त है। प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा। यह भी स्पष्ट किया गया है कि विद्यार्थियों के लिए प्रवेश के लिए यह अंतिम चरण होगा।

### काउंसलिंग की अंतिम तिथि 14 निर्धारित

**सीहोर।** शासकीय महिला पोलिटेक्निक महाविद्यालय में अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राओं छात्राओं के पूर्णतः निःशुल्क है। संस्था में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग ब्रांच एवं मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट ब्रांच में द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया उपरांत शेष रही रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग के लिए ऑनलाईन पंजीयन 18 जून से प्रारंभ हो गये है।

## मोटर साइकिल चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने तीन मोटर साइकिल सहित किया गिरफ्तार



**रेहटी।** पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले में हो रही चोरियो की पतारसी व बरामदगी हेतु दिये गये निर्देशो के तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनिता रावत, एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये मोटर साईकिल चोर को गिरफ्तार कर 03 मोटर साईकिल जप्त किया गया ।

दिनांक 29 जुलाई को उनि महेशसिंह धुर्वे हमराह फोर्स आरक्षक अशोक कीर के मुखबिर व्दारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति चोरी की मोटर सायकल होण्डा साईन लेकर ग्राम अमीरगंज से ढाबा आमडो की तरफ जा रहा है जिसने काले रंग की शर्ट, काले रंग की जींस की पिटेंट डिजाईन वाली पेंट पहने है की तस्दीक हेतु ग्राम ढाबा पानी की टंकी के पास पहुंचकर मुखबिर द्वारा बताये हुलिये का व्यक्ति को रोककर मोटर सायकल के कागजात व लायसेंस की पूछताछ करने पर कोई कागजात नहीं बताने पर पूछताछ की गई तो पूछताछ में बताया कि यह मोटर सायकल मैने आज से करीब 14 महीने पहले रात्री में कोलार रोड भोपाल से चोरी करना बताया जो पीएसओ मशीन से चैक करने पर थाना कोलार जिला भोपाल के अपराध क्रमांक 429/24 धारा 379 भादवि में दिनांक 22.05.24 को अपराध पंजीबद्ध होना पाया गया। बाद समक्ष पंचान के उक्त आरोपी के कब्जे से 1. मोटर सायकल क्रमांक एमपी 04 जेडपी 1527 होण्डा साईन 2. मोटर सायकल क्रं MP04 QU 2182 हीरो एचएफ डीलक्स एवं 3. मोटर सायकल क्रं MP37 MY2315 हीरो होण्डा को चेक करने पर लाडकुई बस स्टेण्ड थाना नसरूल्लागंज से चोरी करना बताया हैं जो उपरोक्त राहागीर पंचानो के समक्ष मुताबिक जप्ती पत्रक विधिवत जप्त कर पुलिस कब्जा लिया गया इस्तगासा क्रं 01/2025 धारा 35(1)/(2),106,303(2) बीएनएस का तैयार कर जांच मे लिया गया । प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देश पर निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में टीम गठित की गई। प्रकरण में मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम ढाबा पानी की टंकी के पास पहुंचकर अमीरगंज से ढाबा आमडो की तरफ मोटर सायकल क्रमांक एमपी 4 जेडपी 1527 होण्डा साईन से जा रहा व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अपना नाम लक्ष्मण बारेला पिता जगदीश बारेला उम्र 24 साल निवासी अमीरगंज बनियागांव थाना रेहटी जिला सीहोर को होना बताया जिससे मोटर साईकिल के संबंध में गहनता से पूछताछ करने पर घटना दिनाँक को कोलार रोड भोपाल से चोरी करना बताया एवं 01 मोटर सायकिल को लाडकुई बस स्टेण्ड थाना नसरूल्लागंज से चोरी करना बताया कीमती लगभग 1 लाख 50 हजार रूपये की जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया ।

### विद्यालय की बालिका क्रिकेट टीम को लेदर किट दी

**भैरूंदा** ।बोरखेड़ा कलां के शासकीय विद्यालय की बालिका क्रिकेट टीम को पावर मेक कंपनी ने 2 जोड़ी लेदर क्रिकेट किट दी है। यह सहयोग टीम की हाल की सफलताओं और उनके बढ़ते प्रदर्शन को देखते हुए किया गया है। टीम ने हाल ही में कई टूर्नामेंट जीतकर क्षेत्र में पहचान बनाई है। अब टेनिस क्रिकेट के बाद खिलाड़ी लेदर क्रिकेट में भी आगे बढ़ें, इसके लिए यह किट दी गई है। पावर मेक कंपनी पहले भी स्कूल में खेल संसाधनों की व्यवस्था करती रही है। भैरूंदा क्षेत्र से पहली बार बालिका क्रिकेट टीम जिला स्तर पर स्कूल गेम्स में भाग लेगी। यह लेदर किट टीम को आगामी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करेगी।

## कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से वीसी में शामिल हुए कलेक्टर और एसपी सहित अन्य अधिकारी



**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सभी जिलों में अतिवर्षा की स्थिति पर नजर रखी जाए। कलेक्टर एवं प्रशासनिक तथा पुलिस अमला अधिक वर्षा की स्थिति में आपदा की हालत उत्पन्न होने के पूर्व नागरिकों के बचाव के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। संवेदनशील और सजग होकर प्रभावित नागरिकों की सहायता की जाए। पशु हानि और मकानों की क्षति पर भी प्रावधानुसार अविलम्ब मदद पहुंचाएं। इन कार्यों को सभी कलेक्टर्स प्राथमिकता दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार की शाम समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को निर्देशित कर रहे थे। सीहोर कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर बालागुरू के., एसपी दीपक कुमार शुक्ला तथा डीएफओ अर्चना पटेल सहित अन्य अधिकारी विडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल हुए।

### श्रावण मास और त्यौहारों पर करें अग्रिम व्यवस्थाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रावण मास में मंदिर परिसर भी सुविधायुक्त बनाएं, जिससे श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। आगामी 9 अगस्त को रक्षाबंधन, 14 अगस्त को बलराम जयंती, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और 16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी पर होने वाले महत्वपूर्ण पर्वों के लिये आवश्यक व्यवस्थाएं अग्रिम रूप से की जाएं।

### दुर्घटनाग्रस्त लोगों के उपचार और सहायता के प्रति रहें सजग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, एयर एम्बुलेंस सेवा के समुचित उपयोग और आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को उपचार उपलब्ध करवाने के लिए पंजीकृत अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुर्घटनाओं की स्थिति में गंभीर घायल व्यक्ति के गोल्डनअवर में उपचार को सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर अस्पतालों के निर्धारण से जुड़ी प्रक्रिया भी पूरी की जाए।

राहवीर योजना में सड़क दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को तत्परता से अस्पताल ले जाने वाले सहयोगी नागरिक को 25 हजार रुपए की राशि दिए जाने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि योजना क्रियान्वयन के प्रति भी जिला कलेक्टर सजग रहें।

**जनप्रतिनिधियों से संवाद :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि जिला स्तर पर विकास समितियां बनाने के संबंध में प्रभारी मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद कर कार्यवाही पूर्ण की जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में यह भी निर्देश दिए गए कि 15 अगस्त पर होने वाली ग्राम सभा और वन समितियों के निर्वाचन से संबंधित कार्य पूर्ण किए जाएं। वित्त आयोग की राशि की उपलब्धता के दृष्टिगत आवश्यक कार्यों को भी पूर्ण किया जाए।

## कावड़ यात्रा मार्ग पर सुबह से ही डाक कावड़ियों की भारी भीड़ आ रही है

# कांवड़ यात्रा : श्रद्धा और विश्वास के साथ डाक कांवड़ लेकर दौड़ रहे युवा कांवड़िए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीवन नदी से कुबेरेश्वरधाम तक निकाली जाने वाली कावड़ यात्रा आगामी छह अगस्त को निकाली जाएगी, प्रदोष काल के विशेष दिन निकाली जाने वाली इस भव्य कांवड यात्रा के मात्र छह दिन शेष बाकी है। वहीं शहर के सीवन नदी से कुबेरेश्वरधाम तक पूरे माह कांवड लेकर निकलने वाली की कतारे सुबह से देर शाम तक हाई वे पर लगी हुई है। प्रशासन ने भी सड़क पर अपने जवान तैनात किए हुए है। जल लेकर आने वाले डाक कावड़यि अटूट श्रद्धा के साथ लगातार दौड़ कर अपने गत्वयों की ओर बढ़ रहे हैं। प्रदोष काल में अपने आराध्य देव को जल से जलाभिषेक कराने को शिव भक्त जल के साथ डाक कावड़ लेकर अटूट श्रद्धा विश्वास के साथ दौड़ रहे हैं। वहीं गुरुवार को विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा ने सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम तक एक युवती जो नेत्र से नहीं देख सकती है, उसने कांवड लेकर करीब 11 किलोमीटर की यात्रा की, इसके अलावा देवास, इंदौर, छत्तीसगढ़ से पैदल चलकर जल लेकर आए श्रद्धालुओं का स्वागत और सम्मान किया। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की इन दिनों छत्तीसगढ़ के भिलाई में शिव महापुराण की कथा का आयोजन किया जा रहा है। वह आगामी पांच अगस्त को शहर में पहुंचेंगे। वहीं प्रशासन और समिति के द्वारा आगामी दिनों में भव्य कांवड यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है।

### याशिका बनी नपा के स्वच्छता अभियान की ब्रांड अंबेसडर




**सीहोर।** शहर की नगर पालिका को स्वच्छता के मामले में प्रदेश में पहला स्थान मिला है, नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता को लेकर कई प्रयास किए जा रहे हैं, इसमें घर घर से कचरा वाहन से कचरा एकत्रित करने, एवं कचरा निपटान की व्यवस्था सहित अन्य प्रयास शामिल है, शहर को स्वच्छ रखने के लिए आम नागरिक भी यहभागिता कर रहे हैं, इसके लिए नगर पालिका द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है। अब स्वच्छता अभियान के तहत आम नागरिको तक स्वच्छता की बात पहुंचाने के लिए बालिका याशिका सरकार जो लगातार नगर को स्वच्छ बनाने की अपील नागरिकों से कर रही थी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने नगर पालिका के स्वच्छता अभियान का ब्रांड अंबेसडर बनाया है। याशिका की इस उपलब्धि पर नागरिकों ने शुभकामनाएं दी है।

### सीहोर बाइज ने एमजी क्लब को 3-0 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर बुधवार की शाम को नशा मुक्ति अभियान के तहत फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके दो मैच खेले गए। प्रतियोगिता के उपरांत खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शाम को पहला मैच सीहोर चिल्ड्रन और सीहोर क्लब के मध्य मैच खेला गया। इसमें सीहोर क्लब ने 2-0 से जीत हासिल की। इस मैच में सीहोर क्लब की ओर से तरुण-गोपाल ने 1-1 गोल किए, वहीं एक अन्य मैच सीहोर बाइज और एमजी क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें सीहोर बाइज ने एक तरफा मैच में एमजी क्लब को 3-0 से हराया। इस मैच में सीहोर बाइज की ओरसे वंश, शिवम और आर्थव शुक्ला ने एक-एक गोल किया। प्रतियोगिता के अंत में खेल एवं युवक कल्याण विभाग की अधिकारी रुबिना देवान, जिला फुटबाल संघ के सचिव मनोज कनौजिया, वरिष्ठ खिलाड़ी आनंद उपाध्याय, उमाशंकर पाराशर, राजेंद्र वर्मा,मनोज अहिरवार, कोच विपिन पवार, अजय रिछारिया, युवा समन्वय प्रमोद उइके, आनंद पंसोरिया, कमल यादव, विशाल अहिरवार आदि उपस्थित थे इस मैच के रेफरी दीपक अहिरवार, माया गौर, मुस्कान माझी आदि शामिल थे।

### क्या पूर्व सीएमएचओ रहीं डॉ वाडिवा ने छिपाए पूर्व कलेक्टर, सीएमएचओ, जिला अभियोजन अधिकारी के अभिमत


# एक बाबू अधिकारियों पर भारी, आरोपों के बाद भी पा लिया मनचाहा चार्ज


मुकेश कुमार शर्मा ▶▶राजगढ़-ब्यावरा

स्वास्थ्य विभाग की 2008 एएनएम भर्ती में छानबीन समिति के सदस्य रहते हुए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अपनों को लाभ पहुंचाने के कृत्य में जिला अस्पताल में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 दीपक विजयवर्गीय कई धाराओं में अभी न्यायालय में विचाराधीन चल ही रहा है तभी हाल ही में स्थानांतरण हुई राजगढ सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा ने सारे नियमों को दरकिनार करते हुए दीपक को मलाईदार पदों पर बैठाकर अन्य चार्ज भी सौंप दिए। हाल यह है कि इस समय दीपक के पास स्थापना ,शिकायत एवं न्यायालय से संबंधित मामले का दायित्व सौंप दिया है। इसमें इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता की वह पुनः विभाग द्वारा सौंपे गए इन दायित्वों का दुरूप्योग नहीं करेगा।

इस मामले में पूर्व कलेक्टर हर्ष दीक्षित एवं जिला अभियोजन अधिकारी एवं सीएमएचओं डॉ दीपक पिप्पल द्वारा चलाई जा रही विभागीय नोटशीट पर लिखी तत्कालीन अधिकारियों की टीपों को अनदेखा करते हुए सीएमएचओ रहीं डॉ किरण वाडिवा ने दीपक विजयवर्गीय को न केवल जिला मुख्यालय बुलाया बल्कि वहीं चार्ज सौंप दिए जिनको लेकर अभी मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इस तरह अधिकारियों के अभिमत की अवहेलना कर अपने चहेते आरोपी को चार्ज देना कहीं न कहीं भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है जिसकी जांच होना चाहिए। इस बारे में जब डॉ किरण वाडिवा से बात करना चाही तो उन्होने दूरी बनाए रखी।





कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजगढ़ (ब्यावरा) मध्यप्रदेश

नोटशीट

अभिमत चाहा गया उन्होंने अपने पत्र क्रमांक ... दिनांक 09/06/2023 द्वारा लिखा कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा याचिका क्रमांक 10309/2023 को निर्णय में जो निर्देश दिये हैं उनका पालन किया जावे। दोनों विधिवत अभिमत अवलोकनार्थ एवं उचित निर्देश हेतु प्रस्तुत है।

14.6.23

As per (A), not to be given earlier charges. give charges in some different location than the one where complaint was made.

Distt. Hospital Rajgarh
Civil Hospital Biaora
Civil Hospital Sarangpur

## समझते है पूरा मामला

स्वास्थ्य विभाग में 2008 में एएनएम की भर्ती में छानबीन समिति के सदस्य रहेत हुए कई चहेतों के प्रमाणपत्रों में कांट-छांट व कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के आरोपों के चलते तात्कालीन अपर कलेक्टर एसएस बघेल द्धारा सीएमएचओं डॉ सरदार सिह भास्कले को जांच के आदेश दिए गए जिसमें दोषी पाए जाने पर दीपक विजयवर्गीय पर राजगढ थाने में धारा 420,465,468 एवं 120बी के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। जो आज भी न्यायालय में विचाराधीन है।

### लंबे समय से निलंबन का पीड़ित बताकर हाईकोर्ट ने दिए बहाली के आदेश

2008 में आरोपों में उलझे दीपक विजयवर्गीय के निलंबन होने के बाद 2017 में स्वयं के द्धारा याचिका क्रमांक डब्ल्यू पी/166649/2017,16985/2017,16969/2017 तथा 16990/2017 हाईकोर्ट इंदौर में प्रस्तुत की गई तब उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ ने दीपक विजयवर्गीय को लंबे विचारण के चलते विभागीय निलंबन आदेश 9 अक्टूबर 17 को समाप्त कर बहाली का आदेश सुनाया परंतु इस आदेश में यह कहीं नहीं था कि पूर्व में जो विभागीय दायित्व सौपें गए थे वही दिए जाए।

### निलंबन समाप्त होने के बाद पूर्व की भांति चार्ज पाने लगाई याचिका

2017 में बहाली होने के बाद दीपक विजयवर्गीय द्धारा पुनः हाई कोर्ट इदौर में पूर्व में मिले विभागीय दायित्व पाने के लिए याचिका डब्ल्यू पी 10309/2023 प्रस्तुत की गई। जिसमें उच्च न्यायालय इंदौर की खंडपीठ ने याचिका का अंतिम निराकरण करने का आदेश 10 मई 2023 पारित करते हुए तत्कालीन सीएमएचओ डॉ दीपक पिप्पल को 30 दिन के अंदर निराकरण का आदेश दिया।

### तीन अधिकारियों के अभिमत को दरकिनार कर दे दिए पूर्व वाले दायित्व

10 मई 2023 को हाई कोर्ट के आदेश के परिपालन में जब तत्कालीन सीएमएचओं डॉ दीपक पिप्पल ने नोटशीट तैयार कर तत्कालीन कलेक्टर हर्ष दीक्षित के पास भेजी तो उन्होने लीगल ओपिनियन का लिखा इसके बाद जब जिला अभियोजन अधिकारी ;डीपीओद्ध का विधिक अभिमत के आधार पर तत्कालीन कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने सीधा लिखा कि जो चार्ज वह मांग रहे है वह न दिए जाए किसी दूसरी लोकेशन पर भेजा जाए। इसके साथ ही कलेक्टर दीक्षित ने साफ साफ लिखा की दीपक को इस सेक्शन से दूर ही रखा जाए। इसके बाद भी पूर्व सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा ने किस आधार पर दीपक विजयवर्गीय को चार्ज दिया है यह कहीं न कहीं भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है।

### दिखवा लेती हूं

हमने हमेशा नियमानुसार ही काम किया है उस समय भी कलेक्टर श्री दीक्षित ने चार्ज न देने की बात कहीं थी। दीपक पिप्पल, तात्कालीन सीएमएचओ राजगढ़ मेरे समय का मामला नहीं है फिर भी मैं इसको दिखवा लेती हूं ।

**डॉ शोभा पटेल सीएमएचओ राजगढ़**

### पुलिस ने 48 घंटे में गिरफ्तारी

## विवाहिता से सामूहिक दुष्कर्म 3 में से 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कालीपीठ थानाक्षेत्रान्तर्गत गत 27 जुलाई को एक विवाहिता महिला के साथ हुए सामुहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी। कालीपीठ पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले तीन में से 2 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है वहीं तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।

### क्या था पूरा मामला

27 जुलाई की दोपहर 12 बजे विवाहिता महिला अपने पीहर जा रही थी। इस दौरान सेमलाबे ग्राम के पास तीन लोगों ने विवाहिता को जबरन पकड़ा और उसे पास बने खेत की झोंपड़ी में ले गए। यहां तीनों आरोपियों ने बारी-बारी से महिला के साथ दुष्कर्म की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। इसके साथ ही पीड़िता को धमकी दी कि यह बात किसी को बताने पर उसे जान से मार देंगे। घटना के बाद पीड़िता किसी तरह अपने घर पहुंची और पति सहित अन्य परिजनों को पूरी जानकारी दी।

परिजन पीड़िता को लेकर तुरंत कालीपीठ थाने पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज करवाई। मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों देवसिंह पिता लक्ष्मण तंवर, नानू उर्फ देवसिंह पिता किशनलाल तंवर एवं धुरीलाल पिता मोरसिंह तंवर निवासी भियांपुरा पर दुष्कर्म सहित अन्य सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाशी शुरू की गई। टीआई जीतेंद्र अजनारे ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने टांडीकला जोड़ के पास से दो आरोपियों देवसिंह तंवर एवं नानू उर्फ देवसिंह तंवर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। वहीं तीसरे आरोपी धुरीलाल तंवर की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## आरोपी शिक्षक की सेवा समाप्ति हेतु हिंदू उत्सव समिति ने सौंपा ज्ञापन




**सारंगपुर।** गाय के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाले आरोपी शिक्षक मोहम्मद राशिद की सेवा समाप्ति की मांग को लेकर हिन्दू उत्सव समिति सारंगपुर ने विरोध दर्ज कराया है। समिति ने इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़ के नाम एक ज्ञापन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सारंगपुर के प्राचार्य दिनेश गुप्ता को सौंपा। ज्ञापन का वाचन समिति अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने बताया कि मोहम्मद राशिद जैसे व्यक्ति का शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र में होना न केवल अनुचित है, बल्कि सम्पूर्ण समाज के लिए शर्मनाक है।

हिन्दू समाज की ओर से मांग की गई कि आरोपी शिक्षक की तत्काल सेवा समाप्त की जाए, अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान कैलाश गौड़, अनिल जैन, सतीश गिरजे, राकेश माहेश्वरी, संतोष प्रजापति, निकेश पुष्पद, अभिषेक गिरजे आदि उपस्थित रहे।

### सारंगपुर में गोमाता से गलत काम करने का मामला

## हैवान बने शिक्षक को सस्पेंड करने का प्रस्ताव आयुक्त को भेजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विगत दिवस जिले के सारंगपुर नगर में मानवता को शर्मसार करने का मामला सामने आया था। यहां कन्या शाला में पदस्थ शासकीय शिक्षक मोहम्मद राशिद पिता मोहम्मद रईस ने गाय माता के साथ अप्राकृतिक कृत्य जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम दिया था।

उक्त पूरी घटना सीसीटीवी में कैद होने के बाद सारंगपुर पुलिस ने 3 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर हुए पूरे नगर में उसका जुलूस निकालते हुए जेल भेज दिया। उधर, शिक्षा विभाग ने इस घिनौने कृत्य को अंजाम देने वाले आरोपी शिक्षक मोहम्मद राशिद को तत्काल सस्पेंड करने का प्रस्ताव आयुक्त लोक शिक्षण को भेजा है। जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने बताया कि चूंकि, आरोपी उच्च माध्यमिक शिक्षक है ऐसे में उसे स्थानीय स्तर पर सस्पेंड करने के अधिकार नहीं हैं। ऐसे में सस्पेंशन करने का प्रस्ताव बनाकर आयुक्त को भेजा गया है।

### सारंगपुर के अधिवक्ता नहीं लड़ेंगे केस

उल्लेखनीय है कि उक्त घिनौनी वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी शिक्षक का न्यायालय में किसी भी अधिवक्ता द्वारा केस नहीं लड़ा जाएगा। सारंगपुर बार एसोसिएशन ने विगत दिवस यह निर्णय लिया है। उधर, स्थानीय लोगों द्वारा मांग की जा रही है कि आरोपी को फांसी से कम सजा नहीं मिलनी चाहिए।

## ठेकेदार की मनमानी हाट बाजार के दिन गिरते पानी में सीसी सड़क निर्माण कार्य जारी



**जीरापुर।** स्थानीय प्रशासन की अनदेखी और ठेकेदार की मनमानी के चलते हाट बाजार के दिन गिरते पानी में निर्माण कार्य जारी। नगर में छापीहेड़ा रोड़ नहर पुलिया से नाके पर एवं खिलचीपुर नाका तक सीसी सड़क निर्माण का कार्य जारी है ,जो बारिश के कारण सड़क पर किचड़ और ट्राफिक आवागमन,बाधित हो रहा है। जिससे न केवल निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा, बल्कि राकेश गुप्ता दुकानदार ने बताया कि और राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का मानना है कि इस तरह के निर्माण कार्य वर्षा ऋतु में नहीं किए जाने चाहिए, क्योंकि इससे निर्माण सामग्री सही ढंग से नहीं जम पाती और सड़क जल्दी टूटने लगती है। बावजूद इसके, ठेकेदार द्वारा जल्दबाजी में काम कराना यह दर्शाता है कि नियमों और गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रशासन से जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है।


### सांवरिया सेठ के दर्शन कर विदिशा लौट रहा था परिवार

## हाईवे पर हुए गड्ढों से असंतुलित होकर खाई में पलटी कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजस्थान के सांवरिया सेठ मंदिर से दर्शनों उपरान्त विदिशा लौट रहे एक परिवार की कार एनएच-52 पर हुए गड्ढों से असंतुलित होकर खाई में जा गिरी। ईश्वरीय कृपा से कार में बैठे लोगों को मामूली चोंटे आई हैं।

जानकारी के अनुसार यह हादसा मंगलवार रात्रि एनएच-52 पर जालपा माता मंदिर के आगे देवगढ़ गांव के समीप हुआ। हाईवे पर हुए एक बड़े गड्ढे में भरे पानी के कारण कार चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार पलटी मारते हुए 10 फीट दूर खाई में जा गिरी। दुर्घटना में बाद कार में सवार लोगों को जैसे-तैसे बाहर निकाला गया। कार में गोविंद सिंह, उनकी पत्नी अदिति, भाई शिवम, मां नीलमदेवी और बेटी शोभांजली सवार थे। पांचों को मामूली चोंटे आई हैं वहीं कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार चला रहे गोविंद सिंह ने बताया कि रात्रि में हाईवे के गड्ढे में भरे पानी के चलते गड्ढा नजर नहीं आया और यह हादसा हो गया।



### अनेक स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुका है हाईवे

ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक का हाईवे अनेक जगहों पर क्षतिग्रस्त हो चुका है। दर्जनों स्थानों बड़े-बड़े गड्डे हो चुके हैं। बीते पांच दिनों से अनवरत हो रही बारिश ने हालात और भी बदतर कर दिए हैं जिसके चलते इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि टोल वसूल कर रही कंपनी को हाईवे की मरम्मत करवाना चाहिए।

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

## नवांकुर सखियों ने निकाली हरियाली यात्रा, पौधे रोपे



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सारंगपुर के अंतर्गत सारंगपुर सेक्टर के ग्राम एहसानपुरा में नवांकुर सखी योजना के तहत हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एहसानपुरा की नवांकुर सखियों को बीज रोपण थैलियां वितरित कर की गई, जिसमें पौधे लगाकर उनकी देखरेख करेंगी। पर्यावरण बचाओ, जीवन बचाओ, जैसे नारे लगाते हुए ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यात्रा के समापन पर सामूहिक रूप से पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता और इस जन भागीदारी अभियान की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## नशे से दूरी है जरूर, अभियान का संकल्प के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पुलिस विभाग द्वारा बीते एक पखवाड़े से चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान का बुधवार को समापन हुआ। स्थानीय राजेश्वर कान्वेंट स्कूल में आयोजित समापन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए किसी भी तरह का नशा न करने का संकल्प दिलवाया गया।



इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने अपने संबोधन में नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक जीवन को बर्बाद कर देता है। उन्होंने कहा कि नशा धीरे-धीरे व्यक्ति को अंदर से खोखला कर देता है। ऐसे में बचपन से ही बच्चों को इससे दूर रखने के लिए उनके व्यवहार और संगति पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मुख्य अतिथि कलेक्टर गिरीश मिश्रा' ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नशा समाज को खोखला कर देता है और यह सामाजिक प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस बुराई के खिलाफ जागरुक रहें। यदि किसी को नशे से संबंधित गतिविधियों की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## कवयित्री साक्षी जैन विश्व भूषण सम्मान से होंगी सम्मानित

**कालापीपल।** कालापीपल नगर की कवयित्री साक्षी जैन का लखनऊ में विश्व भूषण सम्मान 2025 के लिए चयन हुआ है। इस सम्मान का आयोजन निहारिका साहित्य कंट्री ऑफ़ इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट लखनऊ संस्था के तीसरे वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में 11 अगस्त को किया जाएगा। संस्था की संस्थापिका डॉक्टर रीमा सिंन्हा व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अब्दुल अज़ीज़ सिद्दीकी ने बताया यह संस्थान निरंतर उन कवियों को आगे बढ़ाने का कार्य करती है जो साहित्य के क्षेत्र में अपनी रुचि रखते हैं। यह संस्था सभी कार्यक्रम निःशुल्क करवाती है जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग कवियों को बुलाकर उनका काव्य पाठ कराकर उनको सम्मानित करती है व आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। यह सम्मान समारोह उत्तरप्रदेश के मुंशी प्रेमचंद हिंदी संस्थान हजरतगंज लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। साक्षी जैन ने बताया कि वह रोजाना एक कविता लिखती है और साहित्य में रुचि होने के कारण साहित्य से निरंतर जुड़ी रहती है। पूर्व में भी साक्षी जैन को भारत रत्न अटल सम्मान के साथ ही कई सम्मानों से नवाजा जा चुका है। इस वर्ष ही साक्षी जैन को हिंदी साहित्य अकादमी भारत सरकार के सौरभ सुमन जैन व कवयित्री अनामिका जैन द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया है, जहा वे जल्द ही बड़े मंच पर अपना काव्य पाठ करेंगी।

### गिरती छत, जर्जर भवन कभी भी हो सकता है हादसा

## भगवान भरोसे चल रहा स्कूल



**सारंगपुर।** सारंगपुर विकास खंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत आसारेटा परमार के ग्राम आसारेटा रावत के प्राथमिक विद्यालय भवन एवं छात्र छात्राओं का भगवान ही मालिक हैं,भगवान भरोसे स्कूल भवन खड़ा है,और भगवान भरोसे ही बच्चे स्कूल में जाते हैं,ऐसा क्योंकि उक्त स्कूल की छत से रोजाना प्लास्टर टपक रहा है,छत के सरिए दिख रहे हैं स्कूल के टीचर ने साइड के एक कमरे में सुरक्षित क्लास लगाने की कोशिश की और क्लास लग भी रही हैं,लेकिन उस क्लास में जाने का रास्ता इसी छत के नीचे से गुजरता हैं,भगवान न करे कि नन्हे बच्चों पर कोई संकट खड़ा हो जाएं,उक्त स्कूल भवन में आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित हैं,आंगनबाड़ी एवं स्कूल जाने के लिए स्कूल परिसर के बाहर एक रास्ता था जो अब गांव वालों ने गाड़ी रखकर बंद कर दिया है।

### अजब है पर गजब है

सारंगपुर विकास खंड के कई स्कूल ऐसे हैं जिन्हें अतिथि शिक्षक खोल रहे हैं वह शासकीय शिक्षक का अभाव है लेकिन आसरेटा रावत ऐसा स्कूल है जो कभी धराशायी हो सकता हैं,उस स्कूल में डर के मारे कोई छात्र छात्राएं जाना नहीं चाहते,क्योंकि स्कूल मैदान में भी टीचर एवं बरसाती पानी भरा रहता हैं,उस स्कूल में वर्तमान में 6 बच्चे का नाम लिखा हुआ हैं और 6 बच्चों पर दो शासकीय शिक्षक तैनात हैं,क्या शिक्षा विभाग इस खबर को संज्ञान में लेगा।

## 108 एंबुलेंस की तरह जिले को मिले 2 शव वाहन

**राजगढ़।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा विगत दिनों प्रदेश के समस्त जिलों के लिए दो-दो शव वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं। इसी कड़ी में राजगढ़ जिला चिकित्सालय को भी 2 शव वाहन प्राप्त हुए हैं जो 108 एम्बुलेंस की तरह निःशुल्क रूप से सेवा प्रदान करेंगे। सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल ने बताया कि दोनों वाहन जिला अस्पताल में ही रहेंगे एवं अस्पताल में भर्ती किसी मरीज की मृत्यु होने पर शव को निःशुल्क रूप से उसके घर तक पहुंचाने का काम शव वाहन से कराया जाएगा। यद्यपि, शव वाहन की यह सेवा सिर्फ जिले ही जिले में शव को पहुंचाने के लिए है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका के पास भी पूर्व से एक शव वाहन उपलब्ध है जो रेडक्रॉस मद से उपलब्ध करवाया गया है।

### 5 स्कूलों के लिए मिली 3.61 करोड़ की सौगात

## मंत्री पंवार के प्रयासों से ब्यावरा विधानसभा के शैक्षणिक विकास को मिली नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र के शैक्षणिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक नारायण सिंह पंवार के निरंतर प्रयासों से पांच शासकीय विद्यालयों को लगभग 3 करोड़ 61 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत हुई है। इस स्वीकृत बजट से गवर्मेंट हाइयर सेकेंडरी स्कूल मलावर, और ग्राम जड़कड़ियाखेड़ी, सेमलापार ,नापानेरा ,बैरसिया के गवर्मेंट हाई स्कूल में 15 अतिरिक्त कक्ष और 6 प्रयोगशालाओं (लैब्स) का निर्माण किया जाएगा, जिससे छात्रों को बेहतर शिक्षा वातावरण एवं प्रयोगात्मक अधिगम का अवसर मिलेगा। मंत्री पंवार ने जानकारी देते हुए कहा कि यह राशि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत की गई है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है।



खबर संक्षेप

## जल निगम ने कार्यशाला में दी जानकारी



**आष्टा।** जल जीवन मिशन अंतर्गत आष्टा के रानीपुरा क्षेत्र में परियोजना में मध्य प्रदेश जल निगम परियोजना क्रियान्वयन इकाई द्वारा क्लस्टर स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित महाप्रबंधक प्रवीन कुमार सक्सेना, उपमहाप्रवंधक मोहम्मद जनुयल, जिला सहभागिता अधिकारी मनेन्द्र कटियार और आयोजक परियोजना प्रवंधक पायल कावडे, परियोजना समन्वयक अभिषेक परमार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। वही जनपद पंचायत इछावर में साईराम टेक्नो मैनेजमेंट सॉल्यूशन प्रा. लि.प्रतिभागी समूह, सरपंच, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्त व अन्य पंचायत सदस्य की उपस्थिति में कार्यशाला हुई। कार्यशाला का उद्देश्य जल जीवन मिशन के तहत समुदाय स्तर पर जनजागरूकता बढ़ाना है।

## इनरव्हील क्लब की सदस्यों ने पूर्व सैनिकों को राखी बांधी

**आष्टा।** रक्षाबंधन के मौके पर इनरव्हील क्लब ने कन्नौद रोड स्थित गीतांजलि गार्डन में सैनिकों के सम्मान में कार्यक्रम किया। भारत माता की पूजा कर राष्ट्रगान हुआ। क्लब की अध्यक्ष संगीता सोनी ने कहा, रक्षाबंधन केवल त्योहार नहीं, यह सुरक्षा और स्नेह का प्रतीक है। जब देश की रक्षा में लगे जवानों की बात आती है, तो यह बंधन और भी पवित्र हो जाता है। इस बार क्लब ने न सिर्फ शहर में पूर्व सैनिकों के साथ रक्षाबंधन मनाया, बल्कि सीमाओं पर तैनात जवानों के लिए भी राखियां भेजीं। हर राखी में बहनों की भावना, दुआ और सम्मान जुड़ा है। क्लब की सदस्यों ने पूर्व सैनिकों को राखी बांधी। कार्यक्रम में कारगिल विजय दिवस पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर पूर्व सैनिक राम सिंह जावरीया, विजेंद्र सिंह ठाकुर, सुंदरलाल वर्मा, प्रेम सिंह धनवाल, ज्ञानसिंह सोनानिया, किशन मेवाड़ा, बलराम सिंह वर्मा आदि मौजूद रहे। इनरव्हील क्लब से संगीता सोनी, दीपिका सोनी, सुनीता सोनी, श्रद्धा पालीवाल, अर्चना सोनी, जयश्री शर्मा, हेमलता सोनी, सरोज पालीवाल आदि शामिल रहीं।

### जिला अस्पताल में नहीं थम रहा मरीजों को रेफर करने का खेल

# प्रसूता को जान का खतरा बताकर किया रेफर, निजी अस्पताल में हुई डिलेवरी

### अस्पताल में परिजनों को भर्ती मरीजों को गंभीर स्थिति में बताकर कर देते है रैफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

चंद रोज पहले विधायक सुदेश राय द्वारा जिला अस्पताल प्रबंधन को लगाई गई फटकार भी अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं ला सकी है। बीती रात भी एक गर्भवती की जिंदगी को खतरा बताते हुए उसे लेडी डॉक्टर ने रेफर कर दिया। जब विधायक को इस मामले की जानकारी लगी तो वह देर रात खुद अस्पताल पहुंचे और नाराजगी जताई। हालांकि इस दौरान उपचार मिलने में देर होने की वजह से महिला को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ऑपरेशन से उसने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। इससे साफ जाहिर होता है कि, जिला अस्पताल की तमाम व्यवस्थाएं भगवान भरोसे चल रही हैं।



### बैठक में विधायक ने लगाई थी फटकार

प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की तमाम कवायदों के बाद भी अस्पताल का बिगड़ा ढर्रा पटरी पर नहीं आ सका है। हाल ही में रोगी कल्याण समिति की बैठक में मौजूद विधायक सुदेश राय ने सिविल सर्जन को आड़े हाथों लेते हुए कलेक्टर के समक्ष अस्पताल की अव्यवस्थाओं का चिट्ठा खोला था। इतना ही नहीं उन्होंने हिदायत भी दी थी कि अगर अस्पताल के बिगड़ैल हालात नहीं सुधरे तो इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से करेंगे। विधायक की फटकार के बाद लग रहा था कि अब तो अस्पताल के हालात सुधरेंगे, लेकिन लेशमात्र भी सुधार देखने को नहीं मिला। जिला अस्पताल में डॉक्टर अपनी मनमानी करते है। इसका खामियाजा उपचार कराने आने वाले मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

### डॉक्टर ने किया रैफर, निजी अस्पताल में हुई डिलेवरी, जच्चा बच्चा स्वस्थ

बताया जाता है कि बीती रात सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा हसन निवासी गर्भवती महिला अंजू पति देवेन्द्र को डिलेवरी के लिए जिला अस्पताल के मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया था, लेकिन यहां ड्यूटी पर मौजूद लेडी डॉक्टर संगीता ललवानी ने महिला की जिंदगी को खतरे में बताते हुए रेफर कर दिया। महिला के गरीब परिजनों ने जब इसकी जानकारी विधायक सुदेश राय को दी तो वह खुद देर रात डेढ़ बजे जिला अस्पताल पहुंचे और डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ को तलब किया। उन्होंने लेडी डॉक्टर की कार्यप्रणाली पर नाखुशी जताई। बताया जाता है कि जिला अस्पताल लाने के बाद बिना कोई प्राथमिक उपचार किए महिला को रेफर कर दिए जाने की वजह से हालत गंभीर हो रही थी। इसे देखते हुए विधायक श्री राय ने तुरंत एक निजी नर्सिंग होम में उसे भर्ती कराने को कहा। बताया जाता है कि देर रात सीजर ऑपरेशन के बाद महिला ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया है।

#### मुझे मामले की जानकारी नहीं है

मैं दो दिन के एमकॉस के असिस्मेंट के लिए भोपाल के जेपी अस्पताल में आया हूं, इसलिए मुझे जानकारी नहीं है कि बीती रात विधायक सुदेश राय जिला अस्पताल क्यों आए थे। मैं उनके आने की वजह पता करके बताता हूं।

**डॉ. प्रवीर गुप्ता,** सिविल सर्जन

# ठगों ने बायपास पर एटीएम से निकाले 64 हजार रुपए

### पार्वती थाने में शिकायत दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भोपाल इंदौर बायपास मार्ग के एक एटीएम से एक ग्रामीण युवक को रुपए निकलना भारी पड़ गया उसका दो अज्ञात युवक ने एटीएम बदलकर 64000 निकाल लिए और फरार हो गए युवक ने पार्वती थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बता दें कि जनपद पंचायत आष्टा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अतरालीया के युवक महेश पिता हरनाथ मालवीय निवासी अयोध्या नगर आष्टा को मकान बनाने के लिए पीएम आवास मिला था। उसके पैसे आष्टा बाईपास के एटीएम से निकाल रहा था। इतने में दो युवक आकर एटीएम में खड़े हो गए।

युवक ने दस हजार रुपए निकाले और एटीएम से बाहर जाने लगा। इतने में एक युवक बोला भाई आपका लेनदेन चल रहा है, ईसे सही करो। युवक ने उसी के सामने बैलेंस चेक करने लगा। इतने में दूसरा ठग बोला भाई आपके पैसे नीचे गिर गए वह नीचे देखने लगा। इतने में उसका एटीएम बदल लिया वह एटीएम तरफ देखे तब तक बदमाश वह से फरार हो गए। और पांच मिनट में 64000 हजार रुपए निकाल लिए। यह सब घटना एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गईं। पीड़ित युवक महेश मालवीय ने बताया कि मेरा इंडसइंड बैंक का एटीएम था और मैं बाईपास स्थित 8.15 बजे महाराष्ट्र के एटीएम से पैसे निकालने गया था।

जहां पर दो युवकों ने मेरे साथ एटीएम बदलकर ठगी की और 64000 निकाल लिए और वहां से भाग गए। युवक की शिकायत पर पार्वती थाना मैं दर्ज कराई दर्ज कराई है। एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि टीम बनाई है फुटेज के आधार पर पहचान करने में जुटी है। कार्ड से 64 हजार रुपए की धोखाधड़ी का मामला पार्वती थाने में पंजीबद्ध हुआ है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी की पहचान में जुटी है।

# सड़क के नहीं होने से बारिश में परेशान हो रहे रहवासी, मार्ग पर पैदल चलना भी हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बारिश के मौसम में सड़क नहीं होने से नागरिकों का जीवन नर्कीय हो गया है। रहवासियों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से सड़क निर्माण की मांग की, लेकिन आज तक सड़क निर्माण तो दूर, बारिश में पैदल चलने के लिए मुरम तक नहीं डलवाई है।

यह हालात शहर के चाण्क्यपुरी क्षेत्र में आने वाली एवन सीटी की है। हनुमान मंदिर रोड से एवन सिटी जाने वाला रास्ता और अंदर कॉलोनी में जाने वाले रास्ते की स्थिति बहुत खराब है। बारिश के कारण बहुत गड्ढे हो रहे हैं। पहले रोड की स्थिति इतनी खराब नहीं थी गैस लाइन वालों ने रास्ता खोदकर और स्थिति बिगाड़ दी। गड्ढों में पानी भरा होने के कारण गाड़ियां तो बहुत दूर की बात है पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। रहवासी धर्मेंद्र धनगर, आशु वर्मा, विनोद शर्मा, नीरज वर्मा, पंकज वर्मा, विनोद वर्मा, अखिलेश वर्मा, अतुल वर्मा, सुनील वर्मा, फूल सिंह मालवीय, ओमप्रकाश मालवीय, नीरज त्यागी पुलकित वर्मा ने बताया कि सड़क की मरम्मत को लेकर पार्षद से लेकर नपाध्यक्ष, विधायक से गुहार लगा चुके है, लेकिन इसके बाद भी हालात जस के तस बने हुए है।

# मुस्लिम समाज के लोगों ने थाने में किया विरोध प्रदर्शन, कार्रवाई करने की मांग कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सांदीपनी विद्यालय के गेट पर मंगलवार को हिन्दू संगठनों के विरोध प्रदर्शन, धरना के बाद बुधवार को मुस्लिम समाज मैदान में उतरा, जमीयत उलेमा हिन्द के नेतृत्व में थाने पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने धरना देकर नारेबाजी करते हुए नगर निरीक्षक गिरीश दुबे को हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष भविष्य कालू भट्ट एवं उसके साथ अराजकता फैलाने वाले तत्वों पर कार्यवाही करने की मांग करते हुए आवेदन भी सौंपा। जमीयत उलेमा हिंद के हाफीज चांद मियां, पार्षद जाहिद गुड्डू, पूर्व पार्षद इदरीस मंसूरी,शेख रईस सहित अनेक मुस्लिम समाज जनों ने थाना पर पहुंच कर नगर निरीक्षक गिरीश दुबे से भविष्य कालू भट्ट के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की ।नगर निरीक्षक ने उनसे लिखित में देने को कहा तो मुस्लिम समाज के लोगों ने लिखित में आवेदन सौंपा ।जिसमें बताया कि स्कूल शिक्षा के मंदिर में बाहरी लोगों द्वारा जबरदस्ती संदीपनी स्कूल में घुसकर किसी एक समाज विशेष के बच्चों को टारगेट करा गया। स्कूल के छात्रों का आपस में विवाद हो गया था। प्राचार्य ने समझाइश देकर विवाद खत्म कर दिया था। कुछ बाहरी लोगों द्वारा विशेष रूप से भविष्य कालू भट्ट द्वारा स्कूल में जबरदस्ती घुसकर प्राचार्य के ऑफिस में मुस्लिम विद्यार्थियों हुजैफ पिता चांद मियां एवं फरहान पिता नौशाद को बुलाकर मां - बहन की गंदी- गंदी गालियां देकर समस्त मुस्लिम समाज के बच्चों को धमकाया गया। तुम्हें पढ़ने के लिए वंचित कर दूंगा तथा टीसी निकालकर बाहर कर दूंगा। दोनों बच्चों के फोटो व विडियो बनाया।अब बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। मुस्लिम समाज अपने बच्चों की शिक्षा एवं सुरक्षा को लेकर निवेदन करता है कि संविधान में जो मौलिक अधिकार दिए हैं उन अधिकारों का ध्यान रखा जाए।सरकारी सांदीपनी विद्यालय में छात्रों की लड़ाई ने तूल पकड़ लिया है,पुलिस थाने में मुस्लिम समाज का धरना शुरू, कार्यवाही नहीं होने पर दो दिन बाद आंदोलन की चेतावनी दी गई है। बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# यज्ञ मानसिक, शारीरिक शुद्धि का आधार: अंजलि आर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

वैदिक यज्ञ का सामाजिक और धार्मिक प्रभाव तो है ही यह हमारे पर्यावरणीय स्वास्थ्य और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को भी लाभ देता है। यज्ञ के दौरान वेद मंत्रों के उच्चारण से उच्च कोटि की ध्वनि तरंगे सकारात्मक ऊर्जा पैदा करती है। हवन द्रव्य वातावरण को शुद्ध सुंगधित और स्वस्थ करते हैं। इससे बैक्टेरिया और वायरस की कमी होती है।

आर्य समाज ने वैदिक यज्ञ को शुद्धि का समग्र साधन माना है। यह केवल धार्मिक क्रिया ही नही बल्कि दैनिक जीवन मे नियम पूर्वक की जाने वाली ऐसी पद्धति है जो हमारे सामाजिक, शारीरिक और मानसिक पर्यावरणीय विकास का आधार है।



उक्त विचार विदुषी प्रवचन कर्ता सुश्री अंजलि आर्य ने नगर में चल रहे संगीतमय वैदिक सत्संग के दौरान नित्य चल रहे यज्ञ की महत्ता को बताते हुए व्यक्त किये ।वेद प्रचार मण्डल एवम आर्य समाज द्वारा आयोजित वैदिक सत्संग में नगर के गणमान्य नागरिक भी शामिल हो रहे हैं ।पूर्व नपाध्यक्ष तथा प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक कैलाश परमार ने भी साथियों के साथ यज्ञ में आहुति देते हुए नगर और समाज के कल्याण की प्रार्थना की। श्री परमार ने वैदिक सत्संग एवम यज्ञ के वैज्ञानिक स्वरूप का अनुमोदन करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों का यही उद्देश्य होना चाहिए कि लोग इसके तार्किक और वैज्ञानिक स्वरूप से प्रेरित हो कर आडम्बर और कुरीतियों से दूर हो।

विदुषी प्रवचनकार अंजलि आर्य जी ने अपने प्रखर विचारों से हम सभी को बहुत प्रभावित किया है।

उनके प्रवचनों से सचमुच ही धार्मिक आध्यात्मिक और राष्ट्रीय चेतना को बल मिल रहा है। पूर्व नपाध्यक्ष ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सुश्री अंजलि आर्य का स्वागत किया। आर्य समाजी तथा कार्यक्रम के समन्वयक मनोज सोनी काका, आर्य समाज के स्थानीय प्रधान बाबूलाल आर्य, धरम सिंह आर्य, राधा कृष्ण धारवां आदि ने कैलाश परमार, प्रभुप्रेमी संघ के महासचिव प्रदीप प्रगति, मुकेश ताम्रकार, हरिचरन वर्मा आदि का विदुषी प्रवचनकार से परिचय कराया। कार्यक्रम के आयोजकों ने सभी को यज्ञ में शामिल कराते हुए यज्ञ पुस्तिका भेंट की।

# तीन मोटर साइकिल चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी गई तीन बाइक भी की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

थाना आष्टा पुलिस ने तीन मोटर साईकिल चोरी करने वाले आरोपी मानसिंह पिता मेहरबान सिंह 22 वर्ष, निवासी दुपाडिया, थाना पार्वती को गिरफ्तार किया है।

27 जुलाई को फरियादी राजेश मालवीय की एचएफ डीलक्स मोटर साईकिल न्यू बस स्टैंड आष्टा से चोरी होने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत, एसडीओपी आष्टा आकाश अमलकर के निर्देशन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश दुबे के मार्गदर्शन में टीम गठित कर तकनीकी विश्लेषण एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने उक्त मोटर साईकिल सहित




वर्ष 2023 में श्मशान घाट आष्टा से होंडा साईन और थाना कन्नौद जिला देवास क्षेत्र से बजाज पल्सरको चोरी करना स्वीकार किया। कुल तीनों मोटरसाईकिल की कीमत लगभग 2 लाख है। आरोपी को न्यायालय आष्टा में प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल वारंट जारी कर जिला जेल सीहोर भेजा गया। गिरफ्तारी में प्रआर 729 महेन्द्र मेवाड़ा, आरक्षक 197 मेहरबान सिंह, आरक्षक 902 शुभम मेवाड़ा एवं आरक्षक 421 हरभजन सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### वाल्मीकी समाज के अराध्य गोगा जी महाराज का छड़ी निशान की पूजा-अर्चना शुरू

# गोगा नवमी पर वाल्मिकी समाज नगर में निकालेगा चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रावण माह में वाल्मीकी समाज अराध्य गुरु गोरखनाथ जी के आशीर्वाद लोक देव जाहर वीर गोगा जी महाराज की छडी निशान पूजा अर्चना वाल्मीकी समाज के समाजजनों द्वारा चार स्थानों पर की जाती है छडी निशान संरक्षक राहुल वाल्मीकी द्वारा बताया गया की वाल्मीकि दल आष्टा, हाथीखाना दल आष्टा, गोगा जी दल डाबरी, वाल्मिकी गोगा जी दल डाबरी चारो स्थानों पर गोगा जी महराज की पूजा अर्चना होती है। जिसमें आशीष भगत पूरे सवा माह अखंड उपवास करते हैं वहीं सतीश भगत, अनिल भगत, आशीष भगत डाबरी चार भगत है, और सभी वाल्मीकि समाज गोगा भक्त पूरे सवा माह नंगे पांव रखकर उपवास करते है। इस वर्ष



वाल्मीकि दल आष्टा का अध्यक्ष ध्रुव तंम्बोली, उपाध्यक्ष ध्रुव चंदेल, हाथि खाना दल अध्यक्ष शुभम सारवान, उपाध्यक्ष अमित सांगते, ग्राम डाबरी अध्यक्ष बनवारी



लाल पंवार, मोहन लाल भीलखेड़ी, जीवन करोसिया, प्रकाश करोसिया है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जन्माष्टमी के अगले दिन गोगा नवमी पर वाल्मिकी समाज द्वारा भव्य चल समारोह गोगा जी महराज छडी निशान के साथ आष्टा नगर में निकाला जाएगा।

# चौरसिया समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी चौरसिया समाज ने साहू मैरिज गार्डन में भगवान नागचंद्रेश्वर व भगवान भोलेनाथ का पूजन, पाठ कर नाग पंचमी पर्व मनाया। इस मौके पर समाज के छोटे-छोटे बच्चों एवं महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी। साथ ही समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रमेश चौरसिया, राजेंद्र चौरसिया,मनोहर चौरसिया, संजय चौरसिया, महेश चौरसिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, प्रकाश चौरसिया, भजन गायक सुमित चौरसिया, विकास, कुलदीप, कमल चौरसिया, बालकृष्ण चौरसिया, राहुल चौरसिया सहित बड़ी संख्या में मात्र शक्ति ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।